आई टी एल पब्लिक स्कूल
पूर्व अर्धवार्षिक परीक्षा (2026-27)
हिंदी

दिनांक ः सितंबर 2025 | कक्षाः तृतीय ___
नाम ः__________ | रोल नंबरः ___

| | भाग क - पठन कौशल |
|---|---|
| प्रश्न 1 | दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए। <br><br> पक्षी हमारे सच्चे मित्र होते हैं। वे पेड़ों पर रहते हैं और सुंदर घोंसले बनाते हैं। तोता, मैना, कबूतर और गौरैया आमतौर पर हमारे आसपास दिखाई देते हैं। सुबह-सुबह पक्षियों की चहचहाहट सुनकर मन प्रसन्न हो जाता है। वे बीज और अनाज खाते हैं और हमें प्रकृति का महत्व समझाते हैं। कुछ पक्षी लंबी उड़ान भरते हैं और दूर देशों तक चले जाते हैं। हमें पक्षियों की रक्षा करनी चाहिए और गर्मी के दिनों में उनके लिए पानी और दाना रखना चाहिए। |
| | **क)** पक्षी कहाँ रहते हैं? <br><br> (अ) पानी में (ब) पेड़ों पर (स) गुफाओं में (द) खेतों में |
| | ख) सुबह-सुबह किसकी चहचहाहट सुनकर मन प्रसन्न हो जाता है? <br> (अ) बिल्ली की (ब) शेर की (स) पक्षियों की (द) गाय की |
| | ग) कुछ पक्षी कहाँ तक उड़कर चले जाते हैं? <br><br> (अ) पास के घर तक (ब) दूर देशों तक (स) बाज़ार तक (द) जंगल तक |
| | घ) हमें पक्षियों के लिए क्या करना चाहिए? <br> हमें पक्षियों की रक्षा करनी चाहिए और गर्मी के दिनों में उनके लिए पानी और दाना रखना चाहिए। |
| | ङ) गद्यांश में से विलोम शब्द ढूँढकर लिखें। <br> पासः- दूर शाम - सुबह |

| | भाग ख - भाषा कौशल |
|---|---|
| प्रश्न 2 | दिए गए वाक्यों में संज्ञा शब्द रेखांकित करें।<br><br>(क) हाथी जंगल में धीरे-धीरे चल रहा है।<br>(ख) गंगा भारत की प्रसिद्ध नदी है।<br>(ग) नेहा ने अपनी बहन को फूल दिए।<br>(घ) वह साइकिल चला रहा है।<br>(ङ) वह बाज़ार गया है। |
| प्रश्न 3 | उचित संज्ञा शब्द लिखिए।<br><br>पशु का नाम गाय वस्तु का नाम बस्ता<br><br>हमारा राष्ट्रीय फूल कमल हमारा राष्ट्रीय पशु बाघ |
| प्रश्न 4 | रिक्त स्थान में उचित क्रिया शब्द लिखें।<br>(क) बतख पानी में तैर रही है।।<br>(ख) फूल खिल रहा हैं।<br>(ग) रवि पतंग उड़ा रहा है।<br>(घ) रियान मिठाई खा रहा है।<br>(ङ) गाड़ी सड़क पर दौड़ रही है। |
| प्रश्न 5 | कोई एक संज्ञा व एक क्रिया शब्द लिखें व उनके चित्र भी बनाएँ। |

| | |
|---|---|
| प्रश्न 6 | दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखें।<br>(क) देश - विदेश<br>(ख) हलका - भारी<br>(ग) कायर - वीर<br>(घ) अंदर - बाहर<br>(ङ) नया - पुराना |
| प्रश्न 7 | कोष्ठक में दिए गए शब्दों के पर्यायवाची लिखकर वाक्य पूरा कीजिए।<br>(क) मेरी आँख में कुछ चला गया। (नेत्र)<br>(ख) हमारे घर के पास एक सुंदर बगीचा है। (उद्यान)<br>(ग) पूजा के लिए सुंदर फूल लाए गए। (पुष्प)<br>(घ) रात के आकाश में चंद्रमा चमक रहा है। (चाँद) |
| | भाग ग - साहित्य कौशल |
| प्रश्न 8 | शब्दार्थ लिखें।<br>विद्वान - जो बहुत पढ़ा लिखा हो जीव - प्राणी |
| प्रश्न 9 | रिक्त स्थान भरें।<br>(क) कनखजूरे के **30** से लेकर **382** पैर तक हो सकते हैं।<br>(ख) वह व्यक्ति राजमहल के दीपक के प्रकाश को देखते हुए पूरी रात पानी में खड़ा रहा। |
| प्रश्न 10 | नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें।<br>(क) चींटी की दो विशेषताएँ बताइए।<br>उत्तर क) चींटी बहुत ही अनुशासन प्रिय जीव है ।<br>ख) यह हमेशा काम में जुटी रहती है व बहुत मेहनती होती है ।<br>(ख) चतुष्पाद जीव किन्हें कहते हैं? कोई दो नाम भी लिखें।<br>उत्तर चार पैरों वाले जीवों को चतुष्पाद कहते हैं ।जैसे -गाय ,घोड़ा , शेर आदि। |

| | |
|---|---|
| | (ग) बीरबल किसलिए प्रसिद्ध थे?<br>उत्तर -बीरबल अपनी चतुराई के लिए प्रसिद्ध थे। |
| प्रश्न 11 | नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर विस्तार में लिखें।<br>(क) बादशाह ने अगले दिन उस व्यक्ति को इनाम देने से मना क्यों कर दिया ?<br>उत्तर  बादशाह को लगा कि वह व्यक्ति राजमहल में रातभर जलने वाले दीपक की गर्मी के सहारे पूरी रात यमुना में ठंडे पानी में खड़ा रहा इसलिए बादशाह ने उसे इनाम नहीं दिया।<br>(ख) कंगारू के बारे में आप क्या जानते हैं?<br>उत्तर कंगारू ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रीय पशु है। इसके पेट में एक थैली होती है जिसमें यह अपने बच्चे को साथ लेकर चलता है। यह कूद- कूदकर दो पैरों पर चलता है। जब धीरे चलता है तो चार पैरों पर चलता है।कभी कभी यह आगे बढ़ने में अपनी पूँछ का प्रयोग करता है तब यह पंचपाद भी कहलाता है।<br>(ग) चींटी कविता के कवि कौन हैं? चींटी से हमें क्या-क्या सीखने को मिलता है?<br>उत्तर चींटी कविता के कवि प्रकाश मनु हैं। चींटी हमें सदा मेहनत करना सिखाती है। चींटी हमें अनुशासन में रहना व मिल जुलकर काम करन सिखाती है । |
| | भाग घ - लेखन कौशल |
| प्रश्न 12 | दिए गए चित्र का वर्णन अनुच्छेद रूप में करते हुए **6** से **8** पंक्तियाँ लिखें।<br><br>छात्रगण अपनी रचनात्मकता के आधार पर स्वयं लिखेंगे। |